



# बहेरा डंप पर लाखों घन मीटर अवैध भण्डारण व क्रेशर प्लांट मिला, डंफर एवं मशीनें जब्त, प्लांट सील

## मौके पर एक भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके बहेरा क्रेशर के प्लांट संचालक, एएस माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन के संचालक मनोज राय निवासी सतना को नोटिस जारी, दो वर्ष से चल रहा था भंडारण की आड़ में कारोबार

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अगस्त, नेशनल हाइवे रोड के ठीक किनारे पन्ना सतना मार्ग के बहेरा में विगत दो वर्षो से रेलवे परियोजना के बोल्डर भंडारण की आड़ में अवैध रूप से क्रेशर लगाकर स्वीकृत से कई गुना अधिक भंडारण कर गिट्टी एवं एम सेंड का निर्माण कर खुलेआम बिक्री एवं व्यापार कर लाखो रूपये की राजस्व चोरी की जा रही थी।**

खबर का असर

आखिर दो साल तक किसके संरक्षण में यह सब चलता रहा, अभी तक क्यों कार्यवाही नही हुई इसको लेकर जिला प्रशासन पर सवालिया निशान लगना स्वाभाविक है। देर से ही सही गत 6 अगस्त को समाचार पत्र में इस अवैध करोबार को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिस पर खनिज विभाग ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की। हासिल जानकारी के अनुसार विभागीय टीम ने मौके पर निरीक्षण कर क्रेशर प्लांट को सील करने के साथ 10 डंपर और दो पोकलेन मशीनों को जब्त किया है। संबंधित फर्म के पार्टनर को नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रारंभिक आकलन में करीब 12 लाख घनमीटर गिट्टी एग्रीगेट, 9 लाख घनमीटर प्राकृतिक बोल्डर और लगभग 4 लाख घनमीटर एम सैंड भंडारित होना पाया गया। इस तरह कुल करीब 25 लाख घनमीटर खनिज सामग्री मौके पर होने का अनुमान लगाया गया है। आवश्यक दस्तावेज मांगे गए लेकिन तत्काल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके बाद पंचनामा तैयार कर क्रेशर प्लांट को सील किया गया तथा मौके पर मौजूद 10 डंपर और दो




पोकलेन मशीनों को जब्त कर मुंशी की सुपुर्दगी में दिया गया।

त्रिशूल कन्ट्रक्शन कंपनी द्वारा भंडारित किया गया था बोल्डर - खनिज विभाग द्वारा खनिज के स्त्रोत और रॉयल्टी भुगतान की भी जांच की जा रही है। विभागीय जानकारी के अनुसार रेलवे परियोजना में ब्लास्टिंग से प्राप्त पत्थर एवं बोल्डर को त्रिशूल कन्ट्रक्शन कंपनी द्वारा बहेरा डंप में लाकर भंडारित किया गया था। विभाग को आशंका है कि वैध दस्तावेजों के अभाव में अतिरिक्त खनिज का भंडारण कर क्रेशर के माध्यम से गिट्टी और एम सैंड तैयार कर उसका विक्रय किया जा रहा था। मामले में खनिज के अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन से जुड़े पहलुओं की जांच की जा रही है।

ए एस माइनिंग फर्म से मांगे गए दस्तावेज - खनिज विभाग ने में. ए.एस. माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन पार्टनर मनोज राय निवासी-लोटस सिटी सतना को नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में उल्लेख है कि दिनांक 08 अगस्त को खनिज विभाग पन्ना के दल द्वारा ग्राम बहेरा तहसील पन्ना स्थित रेलवे परियोजना के भंडारण स्थल (बहेरा डम्प) का स्थल निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण के दौरान स्थल पर उपलब्ध भंडारित खनिज की स्थिति, उपलब्ध मशीनरी एवं क्रेशिंग व्यवस्था, भंडारण स्थल का क्षेत्रफल, खनिज के अनुमानित आयतन तथा संबंधित अनुमति अनुज्ञा एवं पोर्टल पर उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण किया गया। मौके की वास्तविक स्थिति के दस्तावेजीकरण हेतु जियो-टैग्ड फोटोग्राफ भी लिए गए। जिसमें आपके द्वारा स्वीकृत भंडारण पर जमा रॉयल्टी के अतिरिक्त बहुत अधिक खनिज का भंडारण किया गया है। जिसके कोई वैध दजस्तावेज मौके पर उपस्थित मुंशी अमित कुमार द्वारा प्रस्तुत नही किये गए है। भंडारित सामग्री के आधार पर प्रारंभिक स्थलीय आकलन में लगभग 12 लाख घनमीटर गिट्टी एग्रीगेट, लगभग 9 लाख घनमीटर प्राकृतिक बोल्डर तथा लगभग 4 लाख घनमीटर एम-सैंड की अनुमानित मात्रा पाई गई। रेलवे परियोजना में कार्य के दौरान ब्लास्टिंग से प्राप्त पत्थर बोल्डर को त्रिशूल कंस्ट्रक्शन द्वारा उक्त स्थल पर लाकर अथवा उपलब्ध कराकर भंडारित किया गया है। ई-खनिज पोर्टल पर उपलब्ध प्रारंभिक जानकारी के अनुसार त्रिशूल कंस्ट्रक्शन के नाम से लगभग 7.85 लाख घनमीटर के आसपास की मात्रा से संबंधित रॉयल्टी जमा होना परिलक्षित बताया गया है, जबकि लगभग 2.15 लाख घनमीटर की मात्रा से संबंधित रॉयल्टी दिनांक 08.अगस्त तक जमा नही कि गई है। इसके अतिरिक्त शेष खनिज का अवैध रूप से भण्डारण कर केशर मशीन द्वारा गिट्टी/एम-सेण्ड तैयार कर विक्रय किया जा रहा है। जोकि खनिज नियम 2022 के तहत में अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन की श्रेणी में आता है। फर्म संचालक से ग्राम बहेरा की अनुमति, भंडारण अनुमति, परिवहन अनुज्ञा, ई-टीपी, रॉयल्टी भुगतान विवरण, स्टॉक रजिस्टर, खरीद-बिक्री बिल, स्त्रोत संबंधी दस्तावेज सहित अपना पक्ष मय प्रमाण/अभिलेखो के सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया गया है।

### इनका कहना है

अत्यधिक भंडारण की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। टीम द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया जहां स्वीकृत मात्रा से अधिक खनिज भंडारित पाया गया। संबंधित फर्म को नोटिस जारी किया गया है। क्रेशर प्लांट को सील करने के साथ वाहनों और मशीनों को जब्त किया गया है। मामले में आगे भी विस्तृत जांच की जाएगी।

**रवि कुमार पटेल,**
उप संचालक खनिज विभाग पन्ना

# उपकरण मौजूद पर लैब के लिए तरस रहे छात्र

## 680 बच्चों के लिए महज एक शौचालय

नवभारत न्यूज

**सलेहा, 13 अगस्त. पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलेहा में कक्षा 6वीं से 12वीं तक की कक्षाएं एक ही परिसर में संचालित हो रही हैं। विद्यालय में करीब 680 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।**

कक्षा 11वीं एवं 12वीं में कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय की कक्षाएं संचालित होती हैं। विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य कराने के लिए 16 शासकीय एवं 9 अतिथि शिक्षक पदस्थ हैं। शासन द्वारा सभी कक्षाओं में इंटरएक्टिव बोर्ड की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके बावजूद विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में पर्याप्त कक्ष उपलब्ध नहीं होने से बैठक व्यवस्था में परेशानी बनी हुई है। वहीं 680 विद्यार्थियों के लिए विद्यालय परिसर में केवल एक सुलभ शौचालय होने से विद्यार्थियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

**प्रयोगशाला सामग्री उपलब्ध, लेकिन कक्ष का अभाव** - विद्यालय में प्रयोगशाला के लिए आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने के बावजूद उसे रखने और प्रयोग करने के लिए अलग भवन अथवा कक्ष उपलब्ध नहीं है। इसके चलते विज्ञान विषय के विद्यार्थियों को नियमित रूप से प्रायोगिक कार्य नहीं कराया जा पा रहा है। इससे विद्यार्थी प्रयोगात्मक ज्ञान से वंचित हो रहे हैं और उनकी पढ़ाई केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित रह जाती है।

**कर्मचारियों की कमी से सफाई व्यवस्था प्रभावित** - विद्यालय में सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले कर्मचारियों की संख्या भी कम हो गई है। दो चपरासियों के सेवानिवृत्त होने के बाद वर्तमान व्यवस्था में कर्मचारियों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है। एक कर्मचारी को रात्रिकालीन ड्यूटी तथा दो कर्मचारियों को साफ-सफाई की जिम्मेदारी दी गई है, जो विद्यालय के बड़े परिसर और विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए पर्याप्त नहीं है।

**मरम्मत राशि के अभाव में भवन की स्थिति चिंताजनक** - विद्यालय भवन के मरम्मत कार्य के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं होने से आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विद्यालय भवन के कुछ हिस्सों की छत भी चटक गई है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। ऐसे में शासन स्तर से विद्यालय के लिए अतिरिक्त कक्षों के निर्माण, प्रयोगशाला भवन, शौचालयों की संख्या बढ़ाने तथा भवन की आवश्यक मरम्मत के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने की मांग की जा रही है। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि यदि आवश्यक भवन एवं संसाधन उपलब्ध हो जाएं तो विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ विज्ञान विषय में नियमित प्रायोगिक शिक्षा भी उपलब्ध कराई जा सकेगी।

### इनका कहना है

विद्यालय भवन एवं प्रवेश द्वार के मरम्मत कार्य के लिए राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण मरम्मत कार्य प्रभावित हो रहा है। विद्यालय में भवन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की आवश्यकता है।

**हरिराम शर्मा, प्राचार्य,**
पीएम श्री शास.उच्च.मा.वि सलेहा

# हाई स्कूल के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा




नवभारत न्यूज

**सलेहा, 13 अगस्त. सलेहा संकुल अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल कठवरिया में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई।**

प्राचार्य रामनरेश सोनी के निर्देशन में आयोजित इस यात्रा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तिरंगा यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गांव के विभिन्न मार्गों से निकाली गई।

इस दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ ग्रामीणों में राष्ट्रप्रेम की भावना का संदेश दिया। भारत माता की जय के उद्घोष से पूरा गांव देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, एकता और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना रहा।

# दो माह की राशन सामग्री का होगा एकमुश्त वितरण

**पन्ना, 13 अगस्त.** भारत शासन के निर्देशों के परिपालन में माह अगस्त एवं सितम्बर 2026 में दो माह की राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण किया जाएगा। इसके लिए 15 अगस्त तक उठाव की समय सीमा निर्धारित है, जबकि 31 अगस्त तक वितरण की समयावधि नियत की गई है। पात्र परिवारों को एक माह की राशन सामग्री वितरण अंतर्गत गेहूं, चावल एवं नमक की वितरण मात्रा निर्धारित है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अंत्योदय अन्न योजना की पात्रता श्रेणी में शामिल व्यक्तियों को गेहूं एवं चावल का 35 किलोग्राम प्रति परिवार तथा प्राथमिकता परिवार श्रेणी को 5 किलोग्राम प्रति सदस्य वितरण मात्रा निर्धारित की गई है.




# वन्यजीव अपराधों पर अंकुश लगाने पीटीआर की पहल

## पंचायती राज संस्थाओं का संवेदीकरण कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अगस्त. वन्यजीवों की सुरक्षा और वन्यजीव अपराधों की रोकथाम में स्थानीय निकायों की भागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से पन्ना टाइगर रिजर्व के हिनौता परिक्षेत्र में 12 अगस्त को एक विशेष संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो भोपाल और पन्ना टाइगर रिजर्व प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य ध्येय जन-जागरूकता को बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित करना था। इस महत्वपूर्ण आयोजन में पन्ना टाइगर रिजर्व के सभी परिक्षेत्रों के अधिकारी, वनकर्मी तथा विभिन्न ईको विकास समितियों के अध्यक्षों सहित 100 से अधिक महिला एवं पुरुष सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञों ने वन्यजीव अपराधों की प्रकृति, उनकी रोकथाम के लिए अपनाई जाने वाली कानूनी प्रक्रियाओं और इसमें पंचायती राज संस्थाओं की सक्रिय भूमिका पर विस्तार से जानकारी साझा की। इसके साथ ही, उपस्थित प्रतिनिधियों को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों और वन विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के तरीकों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए संकल्प लिया।

उपस्थित सदस्यों ने शपथ ली कि वे अपने क्षेत्र में वन्यजीवों की रक्षा के लिए निरंतर तत्पर रहेंगे और किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवैध गतिविधियों की सूचना बिना किसी देरी के वन विभाग तक पहुंचाएंगे। पन्ना टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने सभी सहभागियों का आभार व्यक्त करते हुए इस साझा पहल को वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक अत्यंत दूरगामी और सकारात्मक कदम बताया।

# ग्राम पंचायत स्तर तक होगा स्वतंत्रता दिवस का गरिमामय आयोजन

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अगस्त. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राज्य स्तर के साथ ही जिला, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय रूप से आयोजित करने के लिए परिपत्र जारी किया गया है।**

स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को राज्य स्तर, जिला, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर कार्यक्रम होंगे। जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 9 बजे से किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा एवं परेड की सलामी ली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन प्रात: 9.25 से 9.55 बजे तक किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण राज्य स्तरीय मुख्य समारोह भोपाल से जिला स्तर पर किया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि संक्षिप्त लिखित बधाई संदेश का वाचन करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद पंचायत मुख्यालय में जनपद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा समारोह में सामूहिक राष्ट्रगान गाया जाएगा। ऐसी नगर पालिका व नगर परिषद, जिनका मुख्यालय ब्लाक मुख्यालय पर नहीं है, उनमें अध्यक्ष, नगर पालिका व नगर परिषद द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और समारोह में राष्ट्रगान गाया जाएगा। साथ ही पंचायत मुख्यालय में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और समारोह में राष्ट्रगान गाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कॉलेज-स्कूल में खेल कूद, अन्य प्रकार के कौशलों का प्रदर्शन अन्तर्विद्यालय, अन्तर महाविद्यालय स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिताएं, 15 अगस्त के महत्व पर चुने हुए छात्र-छात्राओं द्वारा वार्ता, राष्ट्रीय एकता, लघु बचत, जनसंख्या स्थिरीकरण, स्वच्छता अभियान एवं पुरस्कारों, प्रमाण पत्रों, मेडल आदि जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। शासकीय भवनों एवं इमारतों में की जायेगी प्रकाश की व्यवस्था - स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर समस्त शासकीय भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व की इमारतों पर 14 एवं 15 अगस्त की रात में प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश दिए हैं कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों एवं लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाए एवं वृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को जिला कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि घर जाकर शाल, श्रीफल से सम्मानित करेगें।

# उमरहट से कुपना तक लहराया तिरंगा

नवभारत न्यूज

**पवई, 13 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में 09 अगस्त से 17 अगस्त तक चलाया गया विशेष अभियान.**

आयोजन के तहत चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत जनपद पंचायत पवई के ग्राम पंचायत उमरहट से ग्राम कुपना तक जनपद अध्यक्ष श्रीमति मोहिनी आनंद मिश्रा के नेतृत्व में केन नदी में उमरहट घाट से कुपना घाट तक बोट ;नांवद्ध पर विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन जनपद अध्यक्ष पवई के नेतृत्व में किया गया इस तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में छात्र एवं ग्रामीण जन शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम उमरहट में बोटों ;नांवद्ध पर सवार होकर देशभक्त नागरिक तिरंगा



लेकर केन नदी कुपना घाट तक पहुंचे। नदी मार्ग में भारत माता की जय ए वंदे मातरम् के नारों से नदी के तट गूंज उठे। बोटों पर लगे विशाल तिरंगे लहराते हुए देखकर माहौल पूरी तरह देशभक्ति के रंग में सराबोर रहा। इसी तरह की अनोखी तिरंगा यात्राएं अन्य ग्राम पंचायतों में भी निकाली जा रही है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के बारे में जनपद अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार के विशेष आयोजनों ए तिरंगा यात्राओं से युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना और तिरंगे के सम्मान को बढ़ाना है। उन्होंने सभी से राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधिए स्कूली बच्चेए महिला समूह और बड़ी संख्या ग्रामीण जन शामिल हुए। केन नदी में आयोजित की गई तिरंगा यात्रा में प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कुपना घाट पर पहुंचकर सामूहिक राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# ब्रह्माकुमारीज के नशा मुक्ति अभियान में 35 हजार से अधिक लोगों ने ली प्रतिज्ञा

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अगस्त. ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा संचालित सकारात्मक जीवन परिवर्तन आंदोलन के तहत पन्ना जिले की सभी तहसीलों और गांवों में नशा मुक्ति अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है।**

स्वस्थ, मूल्यनिष्ठ और नशा मुक्त जीवन शैली अपनाने का संदेश देता यह अभियान अब जिले में एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। संस्था के राष्ट्रीय स्तर पर जारी 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान के माध्यम से युवाओं को संस्कारवान और व्यसनमुक्त बनाने के लिए निरंतर जागरूक किया जा रहा है।



अभियान के दौरान ब्रह्माकुमारी बहनों ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि यह पूरे परिवार की खुशियों, नैतिक संस्कारों और समाज की सामूहिक शक्ति को भी कमजोर बनाता है। इस गंभीर समस्या से मुक्ति पाने के लिए आत्मबल, सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक जागृति अत्यंत आवश्यक है। इस जनजागरण अभियान के तहत पन्ना जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, जेलों और गांवों में ग्राम सभाएं आयोजित की जा रही हैं। अभियान में सहभागिता करने वाले शिक्षण संस्थानों को ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जा रहा है। जिले में अब तक इस अभियान के अंतर्गत कुल 35,655 लोग नशा मुक्त जीवन जीने की औपचारिक प्रतिज्ञा ले चुके हैं।

# आज प्रभारी मंत्री पन्ना एवं देवेन्द्रनगर के कार्यक्रमों में होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 13 अगस्त. उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार शुक्रवार, 14 अगस्त को सुबह 9 बजे सतना से प्रस्थक्षन कर 10 बजे देवेन्द्रनगर आएंगे।**

यहां तिरंगा यात्रा में शामिल होने के उपरांत नवनिर्मित नगर परिषद कार्यालय देवेन्द्रनगर का लोकार्पण करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री परमार दोपहर 1 बजे पहाड़ीखेरा में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के कार्यक्रम में शामिल होकर अपरान्ह 4 बजे द्वारी जाएंगे। द्वारी में सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण कर शाम 6:30 बजे पन्ना सर्किट हाउस पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम पश्चात प्रभारी मंत्री द्वारा 15 अगस्त को सुबह 9 बजे स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम में सहभागिता की जाएगी। इसके उपरांत शासकीय शाला में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन कर प्रभारी मंत्री दोपहर 2 बजे चित्रकूट रवाना होंगे।

# पीएम श्री कन्या विद्यालय में निकाली गई तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़, 13 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आज 12 अगस्त को पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजयगढ़ की छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा ब्लॉक स्तरीय तिरंगा रैली का भव्य आयोजन किया गया।**

यह तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य केंद्र जय स्तंभ से प्रारंभ होकर कोतवाली, कछियाना एवं पुराना बस स्टैंड से होते हुए पुन: जय स्तंभ पहुँचकर संपन्न हुई। इस आयोजन में संस्था के प्राचार्य एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी




(बी.ई.ओ.) सहित विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विनोद कुमार गुप्ता, सियाशरण शर्मा एवं मधुरिमा श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। रैली के समापन अवसर पर संस्था के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा उपस्थित छात्राओं को संबोधित किया गया। अपने उद्बोधन में शिक्षकों ने छात्राओं से देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने तथा राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से सदैव दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश की भावी पीढ़ी होने के नाते हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखे।

# ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने में शिक्षक परेशान

नवभारत न्यूज

**सलेहा, 13 अगस्त. पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलेहा में गुरुवार को ई-अटेंडेंस सर्वर के काम नहीं करने के कारण शिक्षक परेशान रहे।**

विद्यालय के शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति शाम 5 बजे तक दर्ज नहीं हो सकी। शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय में प्रतिदिन सुबह ई-अटेंडेंस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जाती है, जबकि शाम को निर्धारित समय लगभग 4:15 बजे विद्यालय से जाने की उपस्थिति भी ऑनलाइन दर्ज की जाती है।

लेकिन गुरुवार को सर्वर में तकनीकी समस्या के चलते शाम 5 बजे तक शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकी। उपस्थिति दर्ज नहीं होने की समस्या की जानकारी शिक्षकों द्वारा विद्यालय के प्राचार्य हरिराम शर्मा को दी गई। प्राचार्य ने बताया कि ई-अटेंडेंस सर्वर की समस्या की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है। शिक्षकों को उम्मीद है कि तकनीकी समस्या का शीघ्र निराकरण कर ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था सुचारु की जाएगी।

CMYK